'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 5th Semester Examination, 2023

DSE-P1-HINDI (501)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र संख्या DSE-501A और DSE-501B में से *एक* पत्र का उत्तर लिखिए।
उत्तर पुस्तिका में पत्र-संख्या उल्लेख कीजिए।

DSE-501A

अस्मितामूलक विमर्श और हिंदी साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) किन्हीं तीन दलित विमर्श की कहानियों के नाम बताइए।

(ख) स्त्री आन्दोलन का घोषणापत्र किस रचना को कहा जाता है और क्यों ?

(ग) 'आदिवासी साहित्य' से क्या तात्पर्य है ?

(घ) ओमप्रकाश वाल्मीकि के तीन कहानियों के नाम लिखिए।

(ङ) 'मुर्दहिया' के लेखक कौन हैं एवं इसका प्रकाशन कब हुआ था ?

(च) नासिरा शर्मा की किन्हीं तीन कहानियों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) दलित विमर्श के आलोक में सहानुभूति एवं स्वानुभूति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) भारतीय एवं पाश्चात्य स्त्री आन्दोलनों में निहित अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'धूणी तपे तीर' उपन्यास के उद्देश्य पर विचार कीजिए।

(घ) " 'जल, जंगल और जमीन का सवाल' आदिवासी के जीवन का आधार है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ङ) "सोचकर बहुत मैंने कहा उससे
मैं किसी की और नहीं हूँ
अपना खाती हूँ
जब जी चाहता है तव खाती हूँ
मैं किसी की मार नहीं सहती
मेरा कोई परमेश्वर नहीं।"– पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(च) "जहर ही जहर को काटता है। मैं उसे दूसरी चीजों में बहलाना चाहता था। यह नहीं समझ पाया कि जिस हथियार से वार हुआ है वही उसकी दवा बनेगा, तभी जख्म भरेगा।"– गद्यांश की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) दलित आन्दोलन में ज्योतिबा फुले के योगदान पर विचार कीजिए।

(ख) दलित चेतना की पृष्ठभूमि में 'सलाम' कहानी के कथ्य पर विचार कीजिए।

(ग) 'स्त्री के आर्थिक स्वतन्त्रता' विषय के आलोक में 'स्त्री के अर्थ स्वतंत्रता का प्रश्न' रचना की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'ख़ुदा की वापसी' कहानी की अन्तर्वस्तु की समीक्षा कीजिए।

अथवा

DSE-501B

कला और साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) 'साहित्य' की परिभाषा लिखिए।

(ख) 'लोकप्रिय साहित्य' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारतीय कला की तीन विशेषताएँ लिखिए।

(घ) कला के अनिवार्य तत्त्व कौन-कौन से हैं ?

(ङ) लोक-कला से क्या तात्पर्य है ?

(च) 'कला में दीर्घजीविता' का क्या अर्थ है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) कला और समाज के अंतर्संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'साहित्य समाज का दर्पण है'– इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

(ग) लोक कला में पौराणिक चरित्रों की भूमिका को निरूपित कीजिए।

(घ) 'लोकगीत' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) लोक कला और शास्त्रीय कला में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(च) भारतीय कला के विकास पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 12×2 = 24

(क) भारतीय संगीत कला के विकास पर प्रकाश डालिए।

(ख) साहित्य में लोक कला का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ग) कला में दीर्घजीविता के तत्त्व और उपकरण पर प्रकाश डालिए।

(घ) साहित्य के मूल्यांकन में कला के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

——×——